प्राचार्य का कार्यालय
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर

प्रेषित,

1) M/s Prime Computer, Darbhanga
2) Digital Power System, Donar Road, Darbhanga

महाशय,

विदित हो कि समीक्षा के दौरान अधोहस्ताक्षरी ने आपके कार्यकलाप को असंतोषप्रद पाया, जिससे सरकारी कार्य में बेवजह व्यवधान उत्पन्न हुआ, जिसके लिए पूर्व में इस कार्यालय के द्वारा कई बार आपको पत्र के माध्यम से यह सूचित किया गया कि आप स्वयं अधोहस्ताक्षरी से मिलकर कारण सहित अपना पक्ष रखें । साथ ही आपके द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 एवं 2015–16 में इस चिकित्सा महाविद्यालय में आपूर्ति किए गए सामानों/मशीन उपकरणो की सूची (विपत्र सहित) अधोहस्ताक्षरी को उपलब्ध कराने हेतु भी सूचित किया गया था, परन्तु वर्तमान तक आपने इस संबंध में न ही कोई पत्राचार किया है और न ही इस संबंध में अपना पक्ष रखा है । जो खेद का विषय है । जिस प्रकार आपके कार्यकलाप में लापरवाही बरती जा रही है, इससे ऐसा प्रतीत होता है कि आपको इस महाविद्यालय के कार्य में कोई रूची नही है और आप अपने कार्य के प्रति बिल्कुल गंभीर नही हैं ।

ज्ञात हो कि गत माह से इस महाविद्यालय में आपके द्वारा सम्पादित किए जाने वाले कार्य (कम्प्यूटर, प्रीन्टर, आर0ओ0 तथा अन्य का ए0एम0सी0) का भी निष्पादन नही किया जा रहा है, जिससे सरकारी कार्य में अनावश्यक परेशानी उत्पन्न होती है ।

पत्र प्राप्ति के साथ ही आप स्वयं अधोहस्ताक्षरी से मिलकर इस संबंध में अपना पक्ष प्रस्तुत करें कि क्यों नही आपके असंतोषप्रद कार्यकलाप से सरकार को अवगत कराया जाए एवं आपको काली सूची में डालने हेतु अग्रतर कार्रवाई किया जाए ।

ह0/–
प्राचार्य

ज्ञापांकः–707/16 दिनांकः–30.3.16

प्रतिलिपिः–

1) संबंधित निविदादाता को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
2) प्रभारी प्राध्यापक (प्र0)/बरसर/Estate Officer, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय मुजफ्फरपुर, को सूचनार्थ प्रेषित ।
3) संबंधित स्थापना लिपिक, श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय मुजफ्फरपुर, को सूचनार्थ प्रेषित ।
4) प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार सरकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।
5) I.T. Sec., श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय मुजफ्फरपुर विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु सूचनार्थ ।

30/3/16
प्राचार्य
श्री कृष्ण चिकित्सा महाविद्यालय
मुजफ्फरपुर